# Daily Current Affairs

Date : 20 September, 2025

## अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान कैबिनेट के महत्त्वपूर्ण निर्णय (19 सितंबर, 2025) |
| 2. | टीबी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) समाधान का राज्य स्तरीय शुभारंभ |
| 3. | ECINet ऐप / वेबसाइट |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ऑपरेशन गरिमा<br>2. कोटा में 'नमो टॉय बैंक' का शुभारंभ<br>3. एशिया कप वुशू प्रतियोगिता 2025 में राजस्थान के पदक विजेता<br>4. 19वीं राज्य स्तरीय सीनियर वूशु प्रतियोगिता – 2025 |
| 5. | देश का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स : गुजरात |
| 6. | स्टैच्यू ऑफ हिंदूभूषण |
| 7. | अंबुकरमगल योजना : तमिलनाडु |
| 8. | मिताग तूफ़ान |
| 9. | वंतारा पर SIT रिपोर्ट |
| 10. | चुनाव आयोग : 474 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से बाहर किया |
| 11. | डेनियल काट्ज़ |
| 12. | अंतरराष्ट्रीय बधिर सप्ताह, 2025 |
| 13. | अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस : 21 सितंबर |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान कैबिनेट के महत्त्वपूर्ण निर्णय (19 सितंबर, 2025)

### चर्चा में क्यों?

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में 19 सितंबर, 2025 को राजस्थान मंत्रिमण्डल की बैठक सम्पन्न हुई।



### मुख्य बिन्दु:

- **महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी विधेयक-2025 :** कैबिनेट की बैठक में 'द महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी जयपुर बिल-2025' के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
- वर्ष 2024-25 के राज्य बजट में प्रदेश में खेलों और शारीरिक शिक्षा को बढ़ावा देते हुए प्रतिभाशाली युवाओं को आधुनिक उपकरणों के साथ वैज्ञानिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने, विभिन्न खेलों के उच्चस्तरीय कोच एवं खेल विशेषज्ञ तैयार करने के लिए जयपुर में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा की गई थी।
- **राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम में संशोधन :** वर्तमान में राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम - 1996 के अनुसार दिवंगत कार्मिक के माता-पिता के मामले में कार्मिक की कुल परिलब्धियों की 30 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन दिए जाने का प्रावधान है, जिसे राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में बदला गया है। अब माता-पिता को बढ़ी हुई पेंशन (अधिकतम 50 प्रतिशत तक) का लाभ प्राप्त हो सकेगा, जो कार्मिक के जीवित होने पर बनती है।
- साथ ही, राजस्थान कैबिनेट द्वारा राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम-1996 में भी संशोधन की स्वीकृति प्रदान की गई, जिसके अनुसार मानसिक या शारीरिक निशक्तता से ग्रसित पुत्र अथवा पुत्री को विवाह उपरांत भी पारिवारिक पेंशन प्राप्त हो सकेगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# टीबी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) समाधान का राज्य स्तरीय शुभारंभ

### चर्चा में क्यों?

- 19 सितम्बर, 2025 को राजस्थान में क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन के प्रयासों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) समाधान का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- **शुभारंभ :** जयपुर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के मिशन निदेशक डॉ. अमित यादव द्वारा।
- **विकास :** इस सोल्यूशन का विकास वधवानी AI द्वारा किया गया।
- **पायलट प्रोजेक्ट :** कोटा संभाग (कोटा, बूँदी, बारां, झालावाड़) में।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- 24 मार्च, 2025 (विश्व टीबी दिवस) के अवसर पर राजस्थान को तपेदिक (TB) उन्मूलन की दिशा में किए गए विशेष प्रयासों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत वर्ष 2024 में राजस्थान की 3,355 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है, जबकि वर्ष 2023 में यह संख्या 586 थी।
- 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत् राजस्थान में अब तक 19,000 से अधिक निक्षय मित्र (समुदाय समर्थक) जोड़े जा चुके हैं। साथ ही, जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से इस अभियान को सामुदायिक स्तर पर सशक्त किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- भारत सरकार ने 7 दिसम्बर, 2024 से 17 मार्च, 2025 तक 100 दिवसीय गहन टीबी उन्मूलन अभियान शुरू किया था। इसका उद्देश्य टीबी निदान और उपचार सेवाओं को सशक्त करना था।
- यह अभियान 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 चिह्नित जिलों में आयोजित किया गया। इसमें राजस्थान के 5 जिले (बारां, हनुमानगढ़, झालावाड़, कोटा और राजसमंद) शामिल थे।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- **विश्व तपेदिक दिवस :** प्रति वर्ष 24 मार्च को विश्व तपेदिक दिवस (World Tuberculosis Day) मनाया जाता है।
- **वर्ष 2025 की विषयवस्तु (Theme) :** "हाँ! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं: प्रतिबद्ध, निवेश, वितरण (Yes! We Can End TB: Commit, Invest, Deliver)
- **भारत का TB उन्मूलन लक्ष्य :** भारत में 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत वर्ष 2025 तक देश से टीबी को पूर्णरूप से समाप्त करने का लक्ष्य है। विश्वस्तर पर यह लक्ष्य 2030 तक का है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ECINet ऐप / वेबसाइट

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा 'ECINet ऐप और वेबसाइट लॉन्च की गई, जिसमें 'बुक ए कॉल विद BLO' का फीचर उपलब्ध है।

## मुख्य बिन्दु:

- इस ऐप के माध्यम से मतदाता द्वारा बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) से सीधा संपर्क करके विभिन्न जानकारियाँ प्राप्त की जा सकती है।
- राजस्थान में अब तक इस ऐप के माध्यम से 2926 मतदाताओं ने BLO से कॉल बुक की है।
- **सर्वाधिक कॉल :** जयपुर, जोधपुर, सीकर, अलवर।
- **सबसे कम कॉल :** सलूम्बर, फलौदी।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- **ज्ञानेश कुमार :** 19 फरवरी, 2025 को भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के केरल कैडर के अधिकारी हैं।
- **डॉ. सुखबीर सिंह संधू :** 15 मार्च, 2024 को भारतीय निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त के रूप में शामिल हुए। वे उत्तराखंड कैडर से 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।
- **डॉ. विवेक जोशी :** 19 फरवरी, 2025 को भारतीय निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त के रूप में शामिल हुए। वे हरियाणा कैडर से 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।
- **राजस्थान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त :** राजेश्वर सिंह।
- **मुख्य निर्वाचन अधिकारी (राजस्थान) :** नवीन महाजन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **ऑपरेशन गरिमा**<br><br>■ राजस्थान पुलिस द्वारा राज्य में छात्र-छात्राओं को महिला एवं बाल सुरक्षा कानूनों की जानकारी देने के उद्देश्य से 'ऑपरेशन गरिमा: नारी सम्मान, पुलिस की पहचान' अभियान का संचालन किया जा रहा है।<br>■ **अवधि :** 16 से 30 सितम्बर, 2025 तक। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 2. | **कोटा में 'नमो टॉय बैंक' का शुभारंभ**<br>■ हाल ही में, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में 'नमो टॉय बैंक' का शुभारंभ किया।<br>■ यह पहल 'जॉय ऑफ गिविंग' के विचार से प्रेरित है, जो बच्चों के बीच सेवा, नेतृत्व और संवेदनशीलता जैसे मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देती है।<br>■ इस पहल का उद्देश्य संसाधनों की कमी के कारण खिलौनों से वंचित बच्चों को खिलौने मुहैया करवाना है। |
| 3. | **एशिया कप वुशू प्रतियोगिता, 2025 में राजस्थान के पदक विजेता**<br>■ महक शर्मा (75 किलो वर्ग) - रजत पदक।<br>■ जाह्नवी मेहरा (56 किलो वर्ग) - कांस्य पदक।<br>■ नीतिका बंसल (65 किलो वर्ग) - कांस्य पदक। |
| 4. | **19वीं राज्य स्तरीय सीनियर वूशु प्रतियोगिता – 2025**<br>■ आयोजन स्थल : कुचामन।<br>■ सहभागिता : राजस्थान के 23 जिलों की पुरुष टीमों और 16 जिलों की महिला टीमों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।<br>परिणाम:<br>■ प्रथम स्थान : जयपुर।<br>■ द्वितीय स्थान : जोधपुर।<br>■ तृतीय स्थान : कोटा।<br>■ श्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी : मानस थपलियाल (जयपुर)<br>■ श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी : महक शर्मा (कोटा) |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## देश का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स : गुजरात

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने गुजरात के नारणपुरा, अहमदाबाद में लगभग 825 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया।




### मुख्य बिन्दु:

- **नाम :** वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स
- यह कॉम्प्लेक्स भारत में सबसे बड़ा और विश्व में सबसे आधुनिक खेल परिसर है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **क्षेत्रफल :** 1 लाख 19 हजार वर्ग मीटर में फैले इस विशाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सात प्रवेश द्वार, 900 वाहनों की पार्किंग, 275 किलोवाट का सौर ऊर्जा संयंत्र शामिल है। यह पूर्ण रूप से ग्रीन कॉम्प्लेक्स है, जिसे भारत सरकार और गुजरात सरकार ने मिलकर बनाया है।
- **संभावित खेल सुविधाएँ :** बैडमिंटन, टेनिस, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, कुश्ती/मार्शल आर्ट्स, स्विमिंग, हैंडबॉल, हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, शूटिंग/आर्चरी, एथलेटिक्स शामिल हैं।
- इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और अहमदाबाद की विभिन्न खेल सुविधाओं में 2029 में विश्व भर की पुलिस और फायर ब्रिगेड की खेल स्पर्धाएँ भारत में आयोजित होंगी।
- 2036 तक अहमदाबाद में 13 अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाएँ आयोजित की जाएँगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# स्टैच्यू ऑफ हिंदूभूषण



## मुख्य बिन्दु:

- **निर्माण :** छत्रपति संभाजी महाराज की 180 फीट ऊँची कांस्य प्रतिमा, स्टैच्यू ऑफ हिंदूभूषण का निर्माण महाराष्ट्र के मोशी-बोरहादेवाड़ी में किया जा रहा है।
- हिंदूभूषण प्रतिमा मोशी-बोरहादेवाड़ी में स्थित शंभू सृष्टि स्मारक परिसर का हिस्सा है।
- शंभू सुष्टि स्मारक परिसर हिंदूभूषण प्रतिमा और कई अन्य मराठा स्मारकों और सांस्कृतिक कलाकृतियों वाला एक भव्य स्मारक परिसर।
- **लम्बाई :** 140 फीट ऊँची प्रतिमा और 40 फीट आधार।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंबुकरमगल योजना : तमिलनाडु




### मुख्य बिन्दु:

- **योजना का नाम :** अंबुकरमगल योजना (हंड्स ऑफ लव)।
- **शुरुआत :** 15 सितंबर, 2025 को तमिलनाडु सरकार द्वारा शरू की गई।
- **वित्तीय सहायता :** अनाथ बच्चों को प्रतिमाह 2000 रु की सहायता प्रदान की जाएगी।
- **अवधि :** शिक्षा को 18 वर्ष की आयु तक आर्थिक रूप से सहायता प्रदान की जाएगी।
- **उद्देश्य :** गरीबी में जीवनयापन करने वालों की पहचान करना और आजीविका में सहायता करना।
- यह पहल, जो 'थैयुमानवर' योजना का एक हिस्सा है।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## मिताग तूफ़ान

**चर्चा में क्यों?**



- 19 सितम्बर, 2025 को इस वर्ष का 17वाँ तूफान मिताग, दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत में पहुँचा।

**मुख्य बिन्दु:**

- प्रांतीय मौसम विज्ञान वेधशाला के अनुसार, अपने केंद्र के पास अधिकतम 25 मीटर प्रति सेकंड की हवा के बल के साथ, यह तूफान गुआंगडोंग के शानवेई शहर के तट पर पहुँचा।
- चीन के राज्य बाढ़ नियंत्रण और सूखा राहत मुख्यालय ने दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत के लिए स्तर-IV आपातकालीन प्रतिक्रिया को सक्रिय कर दिया था।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

- **उदाहरण :** तूफान (अटलांटिक), टाइफून (प्रशांत), उष्णकटिबंधीय चक्रवात (हिंद महासागर)।
- **श्रेणियाँ :** हवा की गति के आधार पर, जैसे उष्णकटिबंधीय अवसाद, उष्णकटिबंधीय तूफान और गंभीर उष्णकटिबंधीय चक्रवात।
- **वर्ष 2025 के प्रमुख तूफान :** एंड्रिया, बैरी, चैंटल, डेक्सटर, एरिन, फर्नांड, गैब्रिएल, हम्बर्टो, इमेल्डा, जेरी, करेन, लोरेंजो, मेलिसा, नेस्टर, ओल्गा, पाब्लो, रिबका, सेबेस्टियन, तान्या, वैन, वेंडी।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **सबसे कुख्यात तूफान :** तूफान कैटरीना ( वर्ष 2005 में अमेरिकी), तूफान एंड्रयू (वर्ष 1992 में फ्लोरिडा) और तूफान सैंडी (2012)।
- **Note :** मेसोसाईक्लोनेस : तीव्र तूफानों के अन्दर विकसित होना तथा घूर्णनशील अपड्राफ्ट, जो प्राय: बवंडर का अग्रदूत होते हैं।

**चक्रवातों का नाम क्यों रखा जाता है?**

- विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) के अनुसार उष्णकटिबंधीय चक्रवातों का नामकरण, तूफानों के बारे में जन जागरूकता और तैयारी के स्तर को बढ़ाने हेतु किया जाता है। यह रिकॉर्ड रखने और प्रभाव आकलन में भी सहायता कर सकता है।

**चक्रवातों के निर्माण को प्रभावित करने वाले प्राथमिक कारक हैं:**

1. गर्म समुद्री जल (26.5°C से ऊपर)।
2. वायुमंडलीय अस्थिरता (बढ़ती नम हवा)।
3. कम पवन कतरनी।
4. कोरिओलिस प्रभाव (घूर्णन के लिए आवश्यक)।
5. पहले से मौजूद गड़बड़ियाँ।
6. नमी की उपलब्धता।
7. भूमध्य रेखा से दूरी (कम से कम 5° अक्षांश)।
8. उच्च दबाव प्रणालियाँ विकास को प्रभावित कर सकती हैं।
9. अनुकूल ऊर्ध्वाधर पवन प्रोफाइल।
10. ऊपरी-स्तरीय विचलन (तूफान की वृद्धि सुनिश्चित करता है।)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## वंतारा पर SIT रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?




- गुजरात के जामनगर स्थित वंतारा वन्यजीव केंद्र पर कथित खामियों के आरोपों को सर्वोच्च न्यायालय से क्लीन चिट मिल गई है।

### मुख्य बिन्दु:

- सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी हालिया SIT रिपोर्ट में वंतारा के मॉडल को नैतिक, पारदर्शी और वैज्ञानिक तरीकों से पशु संरक्षण का नया मानक बताया गया है।
- हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की रिपोर्ट ने पुष्टि की है कि वंतारा के कामकाज न केवल भारतीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानकों से भी मेल रखता हैं।

### मुख्य बिंदु:

- पशु कल्याण के मामलों में सुप्रीम कोर्ट के जज पंकज मित्तल और जज पीबी वराले ने SIT की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि वंतारा में पशुओं की मृत्यु दर अंतरराष्ट्रीय औसत के अनुरूप है और यहाँ की देखभाल व प्रबंधन पद्धतियाँ अंतरराष्ट्रीय मानकों से मेल खाती हैं।
- सुप्रीम कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि ग्लोबल ह्यूमन जैसी स्वतंत्र संस्थाओं ने साइट निरीक्षण और ऑडिट के बाद वंतारा को ग्लोबल ह्यूमन सर्टिफाइड सील ऑफ अप्रूवल प्रदान किया है। यह मान्यता वंतारा के पशु कल्याण और संरक्षण के उच्च मानकों को स्वतंत्र रूप से प्रमाणित करती है।


उत्कर्ष Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्तवपूर्ण बिंदु:

### वंतारा वन्यजीव बचाव और पुनर्वास केंद्र

- **वंतारा का अर्थ :** जंगल का तारा, एक निजी, गैर-वाणिज्यिक वन्यजीव बचाव और पुनर्वास केंद्र है ।
- **अवस्थिति :** जामनगर, गुजरात।
- **उद्घाटन :** 4 मार्च, 2025 को प्रधानमंत्री द्वारा।
- **विकसित :** रिलायंस फाउंडेशन।
- यह केंद्र जामनगर रिफाइनरी परिसर में 3000 एकड़ में फैला है और उत्पीड़ित, घायल व संकटग्रस्त जानवरों के लिए आश्रय स्थल के रूप में कार्य करता है।
- **वंतारा में संरक्षित प्रमुख प्रजातियाँ :** एशियाई शेर, हिम तेंदुआ, एक सींग वाला गैंडा, कराकल।
- **वंतारा में दुर्लभ जानवर :** ओकापी, ओरंगुटान, चिंपांजी, हिम तेंदुआ, विशाल ऊदबिलाव, टेपिर, सील, बोंगो।
- **विशेष बचाव अभियान :** दो सिर वाला सांप, दो सिर वाला कछुआ, सर्कस से बचाए गए स्नो टाइगर्स।
- **हाथी देखभाल केंद्र :** सबसे बड़ा हाथी अस्पताल, हाइड्रोथेरेपी पूल, इमेजिंग सिस्टम और रिकवरी ज़ोन से सुसज्जित।
- **ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर (GZRRC) :** लगभग 650 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है , जिसमें बड़ी बिल्लियों, सरीसृपों, पक्षियों और शाकाहारी जानवरों के लिए समर्पित बाड़े हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## चुनाव आयोग : 474 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से बाहर किया

### चर्चा में क्यों?

- चुनाव आयोग ने नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में 474 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है।




### मुख्य बिन्दु:

- **कारण :** यह निर्णय 2019 से लगातार छह वर्षों तक एक भी चुनाव लड़ने की अनिवार्य शर्त पूरी न करने के कारण लिया गया है।
- पिछले तीन वित्तीय वर्षों में निर्धारित समयावधि के भीतर अपने वार्षिक लेखा-परीक्षित खाते जमा नहीं किए हैं।
- इस प्रक्रिया के पहले चरण में, आयोग ने पिछले महीने 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया था। इस प्रक्रिया के साथ, पिछले दो महीनों में 808 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

### राजनीतिक दलों का वर्गीकरण :

**राजनीतिक दलों का वर्गीकरण**

भारत में 'पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल (RUPPs)' और 'मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल' में अंतर

| पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल (RUPPs) | मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल |
|---|---|
| **कानूनी स्थिति**<br>• लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की **धारा 29A के तहत पंजीकृत।** | **मान्यता प्राप्त करने के लिए मानदंड:**<br>• चुनाव चिह्न आदेश, 1968 के तहत राष्ट्रीय/ राज्य स्तरीय राजनीतिक दल के रूप में मान्यता प्राप्त हो।<br>• **मान्यता प्राप्त करने का आधार: लोकसभा या विधानसभा चुनावों में निर्धारित सीटें जीतना या निर्धारित मत प्रतिशत प्राप्त करना।** |
| **लाभ और विशेषाधिकार:**<br>• कर में छूट का लाभ।<br>• लोक सभा/ राज्य विधान सभा चुनावों में उस दल के सभी उम्मीदवारों के लिए समान चुनाव चिह्न के उपयोग का अधिकार।<br>• **20 स्टार प्रचारकों की नियुक्ति** की अनुमति। | **अतिरिक्त लाभ:**<br>• आरक्षित चुनाव चिह्न मिलना।<br>• **40 स्टार प्रचारकों की नियुक्ति** का अधिकार (RUPPs से दोगुना)।<br>• अतिरिक्त विशेषाधिकार और मान्यता मिलना। |

- **राजनीतिक दलों का पंजीकरण: लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (RPA, 51) की धारा 29A: यह धारा किसी राजनीतिक दल के निर्वाचन आयोग के पास पंजीकरण की आवश्यकताओं को निर्धारित करती है।**

### वर्तमान में देश में तीन प्रकार की पार्टियाँ हैं।

1. **राष्ट्रीय**
2. **राज्य स्तरीय**
3. **पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त**

### वर्तमान में भारत में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल :

1. **भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)**
2. **कांग्रेस**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3. बहुजन समाज पार्टी (BSP)
4. कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (M)
5. नेशनल पीपुल्स पार्टी (NPP)
6. आम आदमी पार्टी (AAP)

| राष्ट्रीय पार्टी बनने की शर्तें | राज्य स्तरीय राजनीतिक पार्टी बनने की शर्तें |
|---|---|
| किसी पार्टी ने कम से कम तीन राज्यों में लोकसभा की कुल सीटों में से कम से कम 2% सीटें जीती हों। | किसी दल ने विधानसभा चुनाव में कुल वैध मतों का कम से कम 6% मत प्राप्त करने के साथ ही विधानसभा में कम से कम 2 सीटें प्राप्त की हो। |
| किसी पार्टी को चार या अधिक राज्यों में 'राज्यस्तरीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त हो। | किसी दल ने राज्य के लोकसभा चुनाव में कुल वैध मतों का 6% मत प्राप्त करने के साथ ही राज्य में लोक सभा के कम से कम 1 सीट जीती हो। |
| किसी पार्टी को लोकसभा चुनाव या न्यूनतम चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में कुल वैध मतों का कम से कम 6% मत प्राप्त हुआ हो और लोकसभा चुनाव में कम से कम चार सीटें प्राप्त हुई हों। | किसी दल ने विधानसभा चुनाव में कुल सीटों का कम से कम 3% या 3 सीटें, जो भी अधिक हो, अर्जित की हो |
| | किसी दल ने लोकसभा की प्रत्येक 25 सीटों में से कम से कम 1 सीट जीती हो। |
| | किसी दल ने लोकसभा चुनाव या राज्य के विधानसभा चुनाव में कुल वैध मतों का कम से कम 8% मत प्राप्त किया हो, यह शर्त वर्ष 2011 में जोड़ी गई। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## डेनियल काट्ज़

### चर्चा में क्यों?

- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के चीफ ऑफ स्टाफ डैनियल कैट्ज़ को प्रथम उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा है, जिसे व्यापक रूप से IMF का दूसरा सबसे बड़ा नेतृत्व पद माना जाता है।

### मुख्य बिन्दु:

- कैट्ज़ का वित्त मंत्रालय के साथ एक दशक से भी अधिक समय का अनुभव है, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मामलों की एक विस्तृत श्रृंखला में बेसेंट के प्रमुख सलाहकार हैं।

### अन्य महत्तवपूर्ण बिंदु:

- **अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF):** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) वैश्विक वित्तीय प्रणाली में एक प्रमुख संस्थान है।
- **स्थापना :** 27 दिसंबर, 1945
- **स्थापना का आधार :** ब्रेटन वुड्स (Bretton Woods) सम्मेलन, 1944
- **सदस्य देश :** 189 देश।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **ब्रेटन वुड्स (Bretton Woods) संस्थान :** ब्रेटन वुड्स संस्थान वर्ष 1944 में न्यू हैम्पशायर के ब्रेटन वुड्स में आयोजित संयुक्त राष्ट्र मौद्रिक और वित्तीय सम्मेलन में स्थापित किए गए थे।
- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, 43 देशों के प्रतिनिधियों ने मिलकर युद्ध के बाद की अर्थव्यवस्था को पुनर्निर्मित करने, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने, एक नई अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली बनाने, विनिमय दर प्रणाली सुनिश्चित करने, प्रतिस्पर्धी अवमूल्यन को रोकने, और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए बैठक की थी।
- ब्रेटन वुड्स समझौते का एक प्रमुख परिणाम अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) और विश्व बैंक (इसके पहले समूह संस्थान IBRD सहित) जैसी संस्थाओं की स्थापना था।
- जॉन मेनार्ड कीन्स इन दोनों संस्थाओं के संस्थापक पिता में से एक थे।

### उद्देश्य :

1. उच्च रोजगार और सतत् आर्थिक विकास को बढ़ावा देना।
2. वैश्विक मौद्रिक सहयोग को बढ़ावा देना।
3. वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना।
4. अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सुगम बनाना।
5. दुनिया भर में गरीबी को कम करना।

### कार्य :

1. **ऋण प्रदान करना :** इस संगठन की मुख्य कार्य उन सदस्य देशों को ऋण प्रदान करना है, जो वास्तविक या संभावित भुगतान संतुलन (Balance of Payments) की समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

- विकास बैंकों के विपरीत, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष विशेष परियोजनाओं के लिए ऋण नहीं देता। बल्कि यह मुद्रा स्थिरीकरण, अंतरराष्ट्रीय भंडार को पुनः भरने और आर्थिक विकास के लिए अनुकूल परिस्थितियों को मजबूत करने के लिए धन देता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2. **निगरानी (Surveillance) :** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली की निगरानी करता है और अपने सभी 189 सदस्य देशों की आर्थिक और वित्तीय नीतियों पर नजर रखता है।

3. **क्षमता विकास :** अपने सदस्य देशों को तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करता है। यह उनके संस्थागत क्षमता और कौशल को मजबूत करके ऐसी आर्थिक नीतियाँ तैयार करने और लागू करने में मदद करता है, जो विकास और स्थिरता को बढ़ावा देती हैं।

**शासन संरचना :**

- **बोर्ड ऑफ गवर्नर्स :** बोर्ड ऑफ गवर्नर्स संगठन की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली इकाई है।
  - इसमें प्रत्येक सदस्य देश से एक गवर्नर और एक वैकल्पिक गवर्नर शामिल होता है।
  - भारत में, केंद्रीय वित्त मंत्री IMF का पदेन गवर्नर होता है और RBI गवर्नर वैकल्पिक गवर्नर होता है।
- **मंत्रिस्तरीय समितियाँ :** बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को दो मंत्रिस्तरीय समितियों द्वारा सलाह दी जाती है:
  1. **अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक और वित्तीय समिति :** 24 सदस्य, जिन्हें 190 गवर्नरों में से चुना जाता है।
  2. **विकास समिति :** एक संयुक्त समिति है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के 25 सदस्य शामिल होते हैं।

**अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की कोटा प्रणाली :**

- प्रत्येक सदस्य देश को एक कोटा (अर्थात् योगदान) आवंटित किया जाता है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था में उस देश के सापेक्ष आकार को दर्शाता है।
- अधिक कोटा का मतलब है, अधिक मतदान अधिकार और अधिक उधार की अनुमति।
- कोटा को IMF की लेखा इकाई, विशेष आहरण अधिकार (SDRs) में नामित किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### भारित औसत :

| | |
|---|---|
| GDP | 50 प्रतिशत भार। |
| खुलापन (Openness) | 30 प्रतिशत भार। |
| आर्थिक परिवर्तनशीलता (Economic Variability) | 15 प्रतिशत भार। |
| अंतरराष्ट्रीय भंडार (International Reserves) | 5 प्रतिशत भार। |

### अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की मुद्रा ; विशेष आहरण अधिकार (SDRs) :

- एक अंतरराष्ट्रीय आरक्षित संपत्ति है, जिसे वर्ष 1969 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा सदस्य देशों के आधिकारिक विदेशी भंडार को बढ़ाने के लिए बनाया गया था।
- 1 अक्टूबर, 2016 से SDRs बास्केट में अमेरिकी डॉलर, यूरो, चीनी रेनमिनबी, जापानी येन और ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग शामिल हैं।

### IMF द्वारा प्रकाशित प्रमुख रिपोर्टें :

1. विश्व आर्थिक दृष्टिकोण (World Economic Outlook)
2. वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (Global Financial Stability Report)

- **Note :** भारतीय निर्वाचन क्षेत्र के देशों में भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका शामिल हैं।
- **Note :** वर्तमान में, भारत के पास IMF में 2.75 प्रतिशत SDR कोटा और 2.63 प्रतिशत मतदान अधिकार हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## अंतरराष्ट्रीय बधिर सप्ताह, 2025

### चर्चा में क्यों?

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DEPwD) 20 से 26 सितंबर, 2025 तक अंतरराष्ट्रीय बधिर सप्ताह (IWDeaf) का आयोजन कर रहा है।




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन का नेतृत्व :** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय, भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (ISLRTC) द्वारा।
- ISLRTC देश भर में भारतीय सांकेतिक भाषा (ISL) के बारे में अनुसंधान, प्रशिक्षण और जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है।
- **वर्ष 2025 की थीम :** "सांकेतिक भाषा के अधिकार के बिना कोई मानवाधिकार नहीं।"
- 23 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस सहित यह सप्ताह बधिर समुदायों को नेतृत्व प्रदान करने, सुगम्यता को बढ़ावा देने और समावेशी शिक्षा की वकालत करने के लिए सशक्त बनाने पर केंद्रित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंतरराष्ट्रीय बधिर सप्ताह का इतिहास ;

- अंतरराष्ट्रीय बधिर सप्ताह सितंबर के अंतिम पूर्ण सप्ताह में विश्व भर में मनाया जाने वाला एक वार्षिक आयोजन है।
- **शुरुआत :** वर्ष 1958 में रोम, इटली में हुई थी, जहाँ विश्व बधिर संघ (WFD) ने अपना पहला विश्व सम्मेलन आयोजित किया था।

| वर्ष/अवधि | महत्व |
|---|---|
| 1958 | विश्व बधिर महासंघ (WFD) ने रोम में अपना पहला विश्व सम्मेलन आयोजित किया।<br>अंतरराष्ट्रीय बधिर सप्ताह की स्थापना। |
| 1960-1970 के दशक | राष्ट्रीय संघ ने विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया। |
| 1980-1990 के दशक | बधिर संस्कृति, सांकेतिक भाषा और समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने पर केन्द्रित किया। |
| 2009 | अंतरराष्ट्रीय बधिर सप्ताह को संयुक्त राष्ट्र द्वारा आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त हुई। |
| 2018 | यह सप्ताह संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित प्रथम आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के साथ मनाया जाता है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस : 21 सितंबर




**मुख्य बिन्दु:**

- **आयोजन :** प्रतिवर्ष 21 सितंबर।
- **शुरुआत :** वर्ष 1981 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सितंबर के तीसरे मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के रूप में घोषित किया।।
- इस दिवस को मनाने के दो दशक बाद, 2001 में, सभा ने इस तिथि को प्रतिवर्ष 21 सितम्बर को मनाने का निर्णय लिया।
- **वर्ष 2025 की थीम :** "सतत् विकास लक्ष्यों के माध्यम से शांति को आगे बढ़ाना" ।
- **उद्देश्य :** दुनिया भर में शांति के आदर्शों को मज़बूत करना ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR